भाज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

भाज

विन्ध्य पर्वतकी अंचलमें विद्यमान

मां विन्ध्यवासिनी दरबार



वाराणसी, बुधवार १४ अक्तूबर, २०२६ सौर २८, आश्विन शुक्ल ४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

भारत लोकतंत्र की जननी, हर मुद्देपर होती है बहस-मोदी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, जहां विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बहस और चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि देश की भाषाई विविधता, समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों और सोशल मीडिया का व्यापक विस्तार लोकतांत्रिक विमर्श को मजबूती देता है। डिजिटल तकनीक ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिल्ली में एक मीडिया हाउस द्वारा पहली बार आयोजित तीन दिवसीय 'न्यू इकोनॉमी फोरम' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में 100 से अधिक भाषाएं, करीब 80 हजार पंजीकृत समाचार पत्र एवं प्रकाशन और एक हजार से अधिक सैटेलाइट टीवी चैनल हैं। देश में 50 करोड़ से अधिक यूट्यूब और इतने ही इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में कुछ सौ स्टार्टअप थे, जबकि अब इनकी संख्या ढाई लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का मौजूदा दशक अभूतपूर्व वैश्विक चुनौतियां लेकर आया है। दुनिया ने महामारी के बाद विभिन्न देशों में युद्ध, व्यापारिक बाधाएं और ऊर्जा एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में रुकावटें देखी हैं। कभी दुनिया को जोड़ने वाली आपूर्ति शृंखला, ऊर्जा, खनिज, भुगतान व्यवस्था और तकनीक आज दबाव बनाने के माध्यम बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में बने व्यापारिक रास्ते अब कई जगह बाधाओं का सामना कर रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता हर क्षेत्र में काम करने के तरीकों को बदल रही है, जबकि अनेक देश बढ़ती उम्र की आबादी से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे वैश्विक माहौल में सबसे बड़ा सवाल भरोसे का है।



ग्राम प्रहरियोंका बढ़ा मानदेय, मिलेगी कैशलेस चिकित्सा की सुविधा

मुख्यमंत्रीने कहा-अब बदल चुका है प्रदेश

बरेली (आससे)। बरेली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिवाली से पहले प्रदेश के 68 हजार ग्राम प्रहरियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने बरेली पुलिस लाइन मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मंच से ग्राम प्रहरियों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की। अब उनका मानदेय 2500 रुपये से बढ़कर 3500 रुपये होगा। इसके साथ ही, ग्राम प्रहरियों और उनके परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदल चुका है और बरेली इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले त्योहारों पर उपद्रव होते थे। अब लोग सुरक्षित माहौल में पर्व मना रहे हैं। आज मंदिरों में भीड़ उमड़ रही है और



अब पर्वोंपर नहीं होते उपद्रव

उत्सव का माहौल है। यह माहौल लोगों के विश्वास के कारण है कि वे सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने इस बदलाव को सामूहिक प्रयास से संभव बताया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पुलिस को अच्छी ट्रेनिंग मिल रही है। इन सुविधाओं का लाभ होमगार्ड, पीआरडी और ग्राम प्रहरियों को भी मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले ग्राम प्रहरियों का मानदेय 1500 रुपये था। उनकी सरकार ने 2019 में मानदेय बढ़ाकर 2500 रुपये किया था। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अब यह मानदेय 3500 रुपये कर दिया गया है। ग्राम प्रहरी अपने गांव में रहकर सूचना एकत्र करें और अपने थानाध्यक्ष या दरोगा को उपलब्ध करा दें। सीएम योगी ने गांव में ग्राम प्रहरियों की भूमिका को सीसीटीवी की तरह बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह करीब 11.20 बजे पुलिस लाइन मैदान पर हेलीकाप्टर से पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के मंच पर अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजीपी राजीव कृष्ण भी मौजूद थे। ग्राम प्रहरियों के योगदान पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गयी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रहरियों को सम्मानित भी किया। मंच पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, प्रभारी मंत्री (शेष पृष्ठ ९ पर)

राजस्थान : बॉर्डरपर ड्रोन से गिराये हथियार-आरडीएक्स

श्रीगंगानगर (एजेंसी)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से हथियार और विस्फोटक गिराये जाने का मामला सामने आया है। रावला क्षेत्र के 12 केएनडी गांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कारवाई में आरडीएक्स, दो पिस्टल और करीब 650 कारतूस समेत अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गयी। मामले में पंजाब के दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित तौर पर ड्रोन से गिराये गये पैकेट उठाने पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात मिली

पंजाबके दो युवक गिरफ्तार



खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने कारवाई की। शुरुआती आशंका थी कि ड्रोन से मादक पदार्थों की खेप गिराई गई है, लेकिन तलाशी के दौरान हथियार और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामग्री की सटीक प्रकृति और मात्रा की पुष्टि के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। खबर के अनुसार ड्रोन ने तीन बार उड़ान भरकर तीन हिस्सों में खेप गिरायी। कारवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने कथित तौर पर पैकेट उठाते समय दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके अनुसार, दोनों युवक करीब एक महीने से ऑपरेशन 'सीमादंतक' के तहत निगरानी में थे। बरामद सामग्री में आरडीएक्स और दो पिस्टल के अलावा चार मैगजीन, करीब 650 कारतूस, बैटरी के चार जोड़े और दो रिमोट कंट्रोल भी शामिल बताए गए हैं।

आलू-चावल बन गया जहर, एक की मौत

आगरा (आससे)। आगरा के किरावली कस्बे में फूड पॉइजनिंग का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक ही परिवार के पांच सदस्य बीमार पड़ गये। उपचार के दौरान पांच वर्षीय जीशान उर्फ गोलू की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, थाना किरावली के वार्ड नंबर 10 में रहने वाले हुसैन पुत्र नूरखान, जो मूल रूप से धंतूरी महोआ, राजस्थान के रहने वाले हैं और अपनी ससुराल में किराए पर रहते हैं, अपने परिवार के साथ मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। रविवार रात को परिवार ने पास के मोहल्ले में जागरण देखने के बाद घर में चावल-आलू की सब्जी और चाय का सेवन किया था। सोमवार सुबह जब परिवार के सदस्य नहीं जागे तो पड़ोसियों ने जाकर देखा तो सभी (शेष पृष्ठ ९ पर)

पुंछमें आतंकवादी ठिकाने का पर्दाफाश, एके-४७ राइफल, छह हथगोले बरामद

जम्मू (आससे)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में मंगलवार को एक गुफा के भीतर बने संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने का पर्दाफाश किया गया और वहां से एक स्वचालित राइफल, छह हथगोले और कारतूस बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस द्वारा सथराबाण के जंगलों में चलाये गये एक संयुक्त अभियान के दौरान ये हथियार बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि मौके से एक एके-47 राइफल, एक मैगजीन, 30 कारतूस, छह हथगोले और कुछ दवाइयां बरामद की गयी हैं। अभियान के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटनाक्रम में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद उधमपुर और कठुआ जिलों में फैले क्रमश: मजालता व बिलावर के ऊपरी इलाकों में तलाश अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि उधमपुर के मजालता स्थित सोआन, खुबान, चोर व नागण तथा कठुआ जिले के सदरौता, भेड व बलोर के वन क्षेत्रों में सोमवार शाम से सेना और पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक संदिग्धों (शेष पृष्ठ ९ पर)

दिल्ली : नाइट क्लब में खूनी संघर्ष, एक की मौत

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में एक नाइट क्लब में महिला पर बीयर गिरने को लेकर हुए विवाद में 29 वर्षीय ड्राइवर दलजीत की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार देर रात की है। पुलिस ने मामले में चार पुरुषों और एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, रघुबीर नगर निवासी दलजीत दोस्तों के साथ क्लब गया था। गलती से एक महिला पर बीयर गिरने के बाद विवाद शुरू हुआ।

लद्दाख भारतका अभिन्न अंग, चीन के खंडनसे नहीं बदलेगा तथ्य-विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली (आससे)। भारत ने लद्दाख पर चीन की टिप्पणियों को खारिज करते हुए दोहराया है कि लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि चीनी पक्ष के किसी भी तरह के खंडन से यह स्थापित तथ्य नहीं बदल सकता। लद्दाख पर चीनी टिप्पणियों के संबंध में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए जायसवाल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति अपने आप में स्पष्ट है। इसमें लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के 28 स्थानों और भौगोलिक विशेषताओं को सर्वे ऑफ (शेष पृष्ठ ९ पर)



कैंसरकी दवाओंपर ३० प्रतिशत से ज्यादा मुनाफेपर सुप्रीम रोक

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की दवाओं पर मुनाफा 30 प्रतिशत तक सीमित करने के केंद्र के फैसले पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि सरकार के जवाब में तय करने से मरीजों को सालाना करीब 2,500 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है। कोर्ट ने दवाओं की कीमत तय करने के तरीके पर जानकारी देने के लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार



सरकारसे पूछा दूसरी दवाओंकी कीमतपर कब तक लगेगी रोक

खुश होने जैसा कुछ नहीं है। कोर्ट ने पूछा कि जब कैंसर की दवाओं पर मार्जिन तय किया जा सकता है, तो दूसरी दवाइयों की कीमत पर कंट्रोल क्यों नहीं होता। केंद्र ने बताया कि कैंसर दवाओं पर मुनाफे की सीमा मेहता को 27 अक्तूबर तक का समय दिया। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी पेश हुए। बेंच ने सवाल किया कि जब परिवहन, (शेष पृष्ठ ९ पर)



पंजाब : आईएसआई समर्थित नेटवर्क का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

अमृतसर (एजेंसी)। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित अवैध हथियार और विस्फोटक सप्लाई नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्तौल और एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने मई 2026 में खासा आर्मी कैंटोनमेंट के पास हुए आईईडी धमाके के मामले में भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में इस नेटवर्क के विदेश में बैठे तस्करों और आईएसआई से जुड़े लोगों के साथ संबंध सामने आए हैं। पुलिस अब पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों को हथियार और विस्फोटक कहां से मिलते थे और इन्हें आगे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

